हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शनिवार, 13 जनवरी 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

10 नवागढ़ क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए नहीं होगी धन ...



10 विवेकानंद विद्या मंदिर में मनाया गया अन्तर्राष्ट्रीय...



## बेमेतरा जनपद पंचायत अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित

### प्रस्ताव के पक्ष में 19 और विरोध में 4 मत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जनपद पंचायत बेमेतरा में एक बार फिर जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर आज मतदान हुआ। अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों इस अविश्वास प्रस्ताव के चलते अपनी कुर्सी गंवा बैठे। अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 19-19 तथा विरोध में 4-4 मत पड़े। इस तरह जनपद पंचायत के अध्यक्ष रेवती साहू एवं उपाध्यक्ष मिथिलेश वर्मा को अविश्वास प्रस्ताव के माध्यम से पद से हटा दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होने के साथ ही जिले के नगरी निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत संस्थानों में अविश्वास प्रस्ताव का दौर चल पड़ा है। इसके तहत शुक्रवार को बीपीआरसी कार्यालय में बेमेतरा जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के विरुद्ध सदस्यों के द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के लिए विहित अधिकारी ने जनपद पंचायत के सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया गया था।जिसमें भाग लेने के लिए लगभग 12 बजे जनपद पंचायत के एकजुट 19 सदस्य विभिन्न वाहनों में एक साथ जनपद पंचायत पहुंचे, कुछ देर के बाद बाकी सदस्य भी पहुंच गए थे।

**मोबाइल रखवाया गया बाहर-** सभी सदस्य एक साथ जब भवन में प्रवेश करने लगे तो वहां पर उपस्थित पुलिस अधिकारी के द्वारा उपस्थित सभी जनपद सदस्यों को बताया गया कि अपना मोबाइल स्विच ऑफ करके एक ▶▶|शेष पेज 8 पर



#### जनपद में कांग्रेस का बहुमत फिर भी भाजपा सफल

गौरतलब हो कि 23 सदस्यों वाली बेमेतरा जनपद पंचायत में 17 जनपद सदस्य कांग्रेस समर्थित हैं, वहीं मात्र 6 सदस्य भाजपा समर्थित है। बीते वर्ष भी कांग्रेस की अंदरूनी लड़ाई के चलते जनपद पंचायत अध्यक्ष कुमारी बाई जायसवाल के खिलाफ प्रस्ताव ला कर हटा दिया गया था। उस दौरान जिले के कांग्रेस के दो नेताओं की आपसी लड़ाई उभर कर सामने आई थी और दोनों अपने-अपने समर्थकों को अध्यक्ष बनवाने में जमकर पसीना बहाए थे। इसी बीच नवागढ़ के कांग्रेसी विधायक ने भाजपा से तोड़कर रेवती साहू को अध्यक्ष बना दिया था। सत्ता जाने के बाद फिर से रेवती साहू को कांग्रेस-भाजपा के सदस्य मिलकर हटा दिए । अब एक वर्ष के लिए अगला अध्यक्ष कौन बनता है? यह आने वाले समय में सामने आएगा।

## खबर संक्षेप



### बिजली विभाग ने काटा अवैध कनेक्शन

**नवागढ़।** विद्युत वितरण केन्द्र नवागढ़ के अंतर्गत आने वाले ग्राम झाल और गाड़ामोर में बिजली विभाग ने अवैध कनेक्शन रोकने हेतु और बकायादार उपभोक्ताओं से वसूली कार्यवाही की। इसमें लंबे समय से बकाया बिजली बिल वाले उपभोक्ताओं के लाइन कनेक्शन को भी काटा गया। वहीं कई घरों को समझाइश भी दिया गया कि बिजली चोरी न करें, यह गलत है बल्कि यह दंडनीय अपराध भी है। जेई मोहन दास बैरागी ने कहा कि बिजली के बिल का समय पर भुगतान करना हर उपभोक्ताओं का कर्तव्य होना चाहिए। बिजली विभाग ने बकायादारों उपभोक्ताओं पर कार्रवाई से बचने के लिए बिजली बिल का समय पर भुगतान कराने का आग्रह किया है कि वे अपने बकाया बिजली बिलों के साथ ही वर्तमान देयकों का समय पर भुगतान सुनिश्चित करें। इस दौराम राजेश यादव लाइन परिचालक, मीटर रीडर बिसाहू राम साहू व विंस्टन अनंत, निखिल कोसरिया, आकाश साहू,दिनेश यादव उपस्थित रहे।

### पहले की तरह सोमवार से प्रारंभ होगा जनदर्शन

**बेमेतरा।** जिले के नवपदस्थ कलेक्टर रणबीर शर्मा आमजन की समस्याओं का निराकरण जमीनी स्तर तक हो इस उद्देश्य से जिला स्तर पर कलेक्टर जनदर्शन का आयोजन 15 जनवरी से प्रति सोमवार को पूर्वान्ह 11 बजे जिला कार्यालय में स्थित दृष्टि सभाकक्ष में आयोजित करेंगे। जिला स्तर पर आयोजित कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में आमजन सीधे मुलाकात कर आवेदन प्रस्तुत कर अपनी समस्याओं से अवगत कराएंगे । कलेक्टर जनदर्शन के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनेंगे और निराकरण करेंगें।अ जनदर्शन मे आवेदकगण से प्राप्त आवेदनों का निराकरण यथासमय त्वरित निराकरण हेतु संबंधित विभाग द्वारा की गई कार्रवाई से आवेदकगण को अवगत कराते हुए सबंधित विभाग, कार्यालय द्वारा कलेक्टर जनदर्शन शाखा को अनिवार्य रूप से पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। इसी प्रकार हर मंगलवार को दोपहर 2 बजे से जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समय सीमा की समीक्षा बैठक होगी। जिसमें विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

### नई महतारी एक्सप्रेस 102 की सुविधाओं का मिल रहा लाभ




**देवकर।** गर्भवती महिलाओं को निशुल्क इमरजेंसी सेवा के रूप में सरकार द्वारा चलाई जा रही डायल 102 महतारी एक्सप्रेस का लाभ तहसील क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में गर्भवती महिलाओं को मिल रहा है। नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में महतारी एक्सप्रेस की नई बोलोरो वाहन स्थापित है जहां से इमरजेंसी हेल्पलाइन पर गर्भवती महिलाओं की जानकारी होते ही मिनटों में घर पहुंच निशुल्क सेवा गर्भवती माताओं को मिल रही है। नवीन एंबुलेंस में वातानुकूलित होने के साथ-साथ पावर स्टीयरिंग पावर ब्रेक , एसी के साथ ही गर्भवती महिलाओं को बैठने एवं लेटने की पर्याप्त व्यवस्था उक्त वाहन में की गई है। कैंप कंपनी द्वारा संचालित उक्त वाहन में गर्भवती महिलाओं को लेटने के लिए स्पेशल स्ट्रेचर सीट बनाया गया है।

### हादसा : संस्था की लापरवाही बच्चों की जान पर बन आई

## खेल स्पर्धा में भाग लेने जा रहे बच्चों का वाहन पलटा, 5 गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेने जा रहे स्कूली बच्चों का वाहन अनियंत्रित होकर ग्राम बहेरा में पलट गया। पिकअप वाहन में कुल 23 बच्चे सवाल थे। इनमें से 5 बच्चों को गंभीर चोट आई हैं उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रेफर किया गया। इन बच्चों का हाथ, पैर फैक्चर हो गया है। बाकी 18 बच्चों को मामूली चोटें आईं, जिन्हें स्वास्थ्य केन्द्र बेरला में प्राथमिक उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया।

■ माल वाहन वाहन में बिठाकर ले जा रहे थे बच्चों को

दरअसल विकासखण्ड बेरला के अंतर्गत आने वाले शासकीय माध्यमिक विद्यालय बहेरा के छठवीं, सातवीं और आठवीं के बच्चे संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेने ग्राम कुसमी पिकप वाहन में सवार होकर जा रहे थे। ग्राम बहेरा के मोड़ में वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। वाहन के पलटते ही बच्चों में दहशत और कोहराम मच गया। घायल बच्चों को तत्काल स्वास्थ्य केन्द्र बेरला में ले जाया गया, जहां बच्चों का उपचार किया गया। वाहन में सवार सभी बच्चों को चोट आई हैं।




#### माल वाहक में थे बच्चे, डीईओ ने थमाई नोटिस

संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेने जा शासकीय माध्यमिक विद्यालय बहेरा के जिम्मेदारों की लापरवाही भी सामने आई है। क्योंकि इन बच्चों को माल वाहक पिकप वाहन में ठूंस कर ले जाया जा रहा था। हालांकि इस मामले को जिला शिक्षा अधिकारी ने गंभीरता से लेते हुए संस्था के प्रधान पाठक को नियम विरुद्ध कार्य पर नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

#### ये गंभीर

आठवीं कक्षा के छात्र विस्वदीप पिता पंचराम, सातवीं के शिवा पिता महेंद्र और कक्षा छठवीं के छात्र रोहित पिता रवि, टामेश्वर पिता पवन, जितेंद्र पिता लखन लाल को गंभीर चोट लगने के कारण रायपुर रेफर किया गया है।बच्चों के वाहन की दुर्घटनाग्रस्त होने की जानकारी मिलते ही अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बेरला युगल किशोर उर्वशा, तहसीलदार मनोज कुमार गुप्ता, नायब तहसीलदार चंद्रकांत राही, स्वास्थ्य केन्द्र बेरला पहुंच कर उचित उपचार कराने में जुटे रहे।

## युवा जो लक्ष्य निर्धारित कर ले उसे पूरा जरूर करते हैं : दयालदास



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

27वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव के अवसर पर शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश के युवाओं के नाम संदेश प्रसारित किया गया । ज़िला प्रशासन ने आमजन के लिए सीधा प्रसारण की व्यवस्था शासकीय पं. जवाहर लाल नेहरू, स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोबिया बेमेतरा में की थी। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयाल दास बघेल ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़े। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महाराष्ट्र के नासिक में आयोजित राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर बेमेतरा में आयोजित कार्यक्रम में विधायक बेमेतरा दीपक साहू, पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल, कलेक्टर रणबीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, संयुक्त कलेक्टर उमशंकर बंदे, कॉलेज के प्राचार्य पी.पी. चंद्रवंशी, सहित जनप्रतिनिधि, खेल विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में युवा उपस्थित थे। गौरतलब है कि स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी को देशभर में युवा दिवस के रूप में मनाई जाती है।

■ राष्ट्रीय युवा दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुए खाद्य मंत्री

खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल ने पत्रकारों से चर्चा में कहा कि युवा शक्ति जो ▶▶|शेष पेज 8 पर

## 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की सीएम साय से मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर 22 जनवरी को प्रभु श्री राम मंदिर अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा पर छत्तीसगढ़ में सभी शासकीय कार्यालयों में सार्वजनिक अवकाश घोषित करने हेतु चर्चा किया एवं ज्ञापन सौंपा। चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही इस पर निर्णय लिया जाएगा। इसके अलावा सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री तिवारी ने धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से भेंट कर 22 जनवरी को छत्तीसगढ़ के स्कूल कॉलेजो में अवकाश की घोषणा पर बधाई दी। समस्त विभागों में सार्वजनिक अवकाश घोषित करने अनुरोध किया। मंत्री ने कहा हमने भी अपनी ओर से मुख्यमंत्री को अवकाश घोषित करने पत्र लिखा है। ज्ञापन सौंपने के दौरान सर्व हिंदू सनातन संगठन के कार्यालय प्रभारी रवि गढ़पाले,सौरव मिश्रा, वैभव यादव उपस्थित रहे।



#### सर्व हिंदू सनातन संगठन ने सौंपा ज्ञापन

## धान खरीदी केन्द्रों का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

### कृषि उपज मंडी, कंतेली, डूडा, और देवरबीजा में देखी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के बेमेतरा ज़िले के चार धान खरीदी केंद्र कृषि उपज मंडी, कंतेली, डूडा, और देवरबीजा का निरीक्षण किया। सबसे पहले वे बेमेतरा के धान ख़रीदी केंद्र पहुंच कर समर्थन मूल्य पर की जा रहीं धान खरीदी का निरीक्षण किया। उन्होंने गुणवत्ता के संबंध में उपार्जन केंद्रों में अब तक की गयी धान ख़रीदी की जानकारी ली। इसके साथ धान विक्रय करने आये किसानों से बात की। उन्होंने केंद्र में संधारित की जा रही पंजियों का भी निरीक्षण किया। धान की गुणवत्ता निर्धारित मापदंड अनुसार धान खरीदी की जानकारी ली। उन्होंने नमी मापक यंत्र से धान की नमी मापी। धान रखने के लिए चबूतरा, फड़ की व्यवस्था करने क़ो कहा। धान खरीदी केंद्रों से धान का उठाव तेज़ी से करने के निर्देश दिये। धान उठाव के लिए जरूरत मुताबिक़ अतिरिक्त परिवहन व्यवस्था और हमाल बढ़ाकर धान उठाव की बात कही।



■ नमी मापक यंत्र से धान की नमी मापी, धान की गुणवत्ता भी जांची

**स्टेट वेयर हाउसिंग का भी किया निरीक्षण-** कलेक्टर श्री शर्मा इसके बाद स्टेट वेयर हाउसिंग कारपोरेशन शाखा बेमेतरा का भी निरीक्षण किया। चावल के गुणवत्ता की सराहना की और ऐसे ही अच्छी किस्म के चावल रखने के कहा। कलेक्टर श्री शर्मा ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी दशा में धान खरीदी में कोई बाधा उत्पन्न ना हो, इसके लिए ▶▶|शेष पेज 8 पर

### पंथ के गुरु का हुआ आगमन, जिला मुख्यालय में श्रद्धालुओं ने किया स्वागत

## कबीर पंथ का चार दिवसीय संत समागम समारोह का हुआ शुभारंभ, शहर में साहेब बंदगी की होती रही गूंज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम लॉलेसरा मैदान में कबीर पंथ के 12वीं वंश गुरु पंत श्री उग्र नाम साहेब की स्मृति में 12 जनवरी से चार दिवसीय संत समागम समारोह का शुभारंभ हुआ । मेले में भाग लेने कबीर पंथ के गुरु गोसाई भानु प्रताप साहेब तथा उदित मुनि नाम साहेब के आगमन पर जिला मुख्यालय से लेकर मेला स्थल तक श्रद्धालुओं ने हाथ जोड़कर साहिब बंदगी के उद्बोधन से स्वागत किया। इस अवसर पर भारी संख्या श्रद्धालु उपस्थित थे

दामाखेड़ा से पंथ श्री प्रकाशमुनि नाम साहेब का शुक्रवार को शाम करीब 5 बजे नगर आगमन हुआ। जिसके आगे भारी संख्या में बाइक रैली में युवा थे। साहेब रथनुमा खुले वाहन में सवार हुए और 12वीं वंश गुरु पंत श्री उग्र नाम साहेब के चित्र के पूजा कर माला अर्पित किया। उसके बाद शोभा यात्रा प्रारंभ हुई। शहर में साहेब का नगर के विभिन्न स्थानों पर आतिशबाजी एवं गाजे बाजे के साथ श्रद्धालुओं ने फूल वर्षा करके आरती की और आशीर्वाद लिया। नगर में पूर्व विधायक कार्यालय के पास से यात्रा प्रारंभ हुई। जिसके सबसे आगे कई डीजे ▶▶|शेष पेज 8 पर





### 22, 26 और 30 जनवरी को शुष्क दिवस घोषित

**बेमेतरा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रणबीर शर्मा ने 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा, 26 जनवरी गणतंत्र दिवस तथा 30 जनवरी महात्मा गांधी निर्वाण दिवस के अवसर पर जिले में स्थित समस्त देशी/विदेशी मदिरा एफ.एल. -1 (घघ), सी.एस.-2 (घघ), सी.एस.-2 (घघ-कम्पोजिट) एवं मद्य भण्डारण भाण्डागार बंद करने के आदेश दिए हैं । जिलाधीश ने संबंधित आबकारी विभाग के अधिकारी कर्मचारी उक्त दिवस को अपने-अपने प्रभार क्षेत्र में उपस्थित रहकर सुनिश्चत करने कहा है कि क्षेत्र की सभी प्रकार की मदिरा दुकानें समयावधि पश्चात बंद हो जाएं। उक्त दिनों मे न तो मदिरा का विक्रय हो और न ही किसी भी प्रकार से मदिरा का संव्यवहार हो। शुष्क दिवस पर मादक पदार्थ की बिक्री की शिकायत प्राप्त होने पर उत्तरदायित्व का निर्धारण कर दंडात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं ।

हरिभूमि पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### राज्यपाल से जनसंपर्क आयुक्त ने की सौजन्य मुलाकात



**रायपुर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से गुरुवार को राजभवन में जनसंपर्क विभाग के नवनियुक्त आयुक्त सह संचालक मयंक श्रीवास्तव ने सौजन्य मुलाकात की।

### अभ्यर्थियों ने विस अध्यक्ष डॉ. रमन से लगाई गुहार



**रायपुर।** रोजगार एवं प्रशिक्षण विभाग के अंतर्गत राज्य के आईटीआई में प्रशिक्षण अधिकारी भर्ती के चतुर्थ चरण के पात्र व चयनित अभ्यर्थियों ने नियुक्ति पत्र प्रदान करने के लिए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और संचालक तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग विकास डॉ. प्रियंका शुक्ला से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। विधानसभा अध्यक्ष और संचालक ने आश्वासन दिया कि जल्द ही इस पर कार्यवाही कर नियुक्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। अभ्यर्थियों ने बताया कि कुछ दिनों पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को भी ज्ञापन सौंपा था और जल्द से जल्द नियुक्ति पत्र प्रदान करने की मांग की गई थी।

### संदीप बोले- कांग्रेस का राम-द्रोही चेहरा आया सामने

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने श्रीराम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के निमंत्रण को कांग्रेस द्वारा ठुकराए जाने के फैसले पर कहा, कांग्रेस का राम-द्रोही चेहरा अब खुलकर सामने आया है। श्री शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के भांचा राम को मानने वाले कांग्रेसी प्रभु श्रीराम की शरण में जाएं या फिर यह साफ करें कि उनकी आस्था क्या सोनिया-दरबार के प्रति है। श्री शर्मा ने कहा, कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के तौर पर राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के छत्तीसगढ़ प्रवास पर कहा, विधानसभा चुनाव में पराजय से पस्त हो चली छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने अपनी टूटी नाव चलाने के लिए राजस्थान से पायलट को बुलवाया है। यह कतई नहीं भूला जाना चाहिए कि ये वही पायलट हैं, जिन्होंने अपने राज्य में कई बार कांग्रेस के उड़ते प्लेन को खींचकर पटकने का काम करके कांग्रेस की सत्ता को धूल चटाई है।



### संत ज्ञानेश्वर स्कूल में मनाई पं. शास्त्री की पुण्यतिथि



**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर स्कूल में पूर्व प्रधानमंत्री पं. लालबहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि मनाई गई। गुरुवार को सुबह प्रार्थना सभा में स्कूल के वीर शिवाजी हाउस के बच्चों ने पं. शास्त्री को नमन किया। वहीं बच्चों ने ही उनके जीवन पर प्रकाश डाला। प्राचार्य मनीष गोवर्धन ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शास्त्रीजी बेहद सरल, सहज, स्वभाव के थे।

# राजस्थान को पॉवरकट से बचाने हसदेव क्षेत्र से है कोल की जरूरतः शर्मा

**राजस्थान विद्युत मंडल के सीएमडी छत्तीसगढ़ में**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम के सीएमडी आरके शर्मा इन दिनों छत्तीसगढ़ के दौरे पर हैं। गुरुवार को उन्होंने नवा रायपुर में मंत्रालय में उच्च अधिकारियों से मुलाकात कर हसदेव क्षेत्र में चल रहे जन आंदोलन को समाप्त करवाने के लिए सहयोग मांगा, ताकि वहां पर कोल माइंस से कोल का उत्पादन शुरू हो सके।

अधिकारियों से बातचीत के बाद आरके शर्मा ने बताया कि राजस्थान को पावर कट से बचाने के लिए सरगुजा के हसदेव क्षेत्र से कोल की जरूरत है। इस बात को उन्होंने सामने रखा है और उन्हें पूरा आश्वासन मिला है। हसदेव क्षेत्र में पेड़ काटे जाने के विरोध पर उन्होंने कहा कि अब तक 40 लाख पेड़ राजस्थान सरकार ने पहले ही लगा दिए हैं। श्री शर्मा ने मीडिया से चर्चा में कहा कि कोल के बदले में रॉयल्टी के तौर पर सरकार को हर साल औसतन 1000 करोड़ रुपए का भुगतान भी किया जा रहा है... गौरतलब है कि राजस्थान के 4300 मेगावाट की बिजली का उत्पादन सरगुजा के कोयले पर आधारित है, जो आने वाली गर्मी के मौसम में राजस्थान के 8 करोड़ बिजली उपभोक्ताओं के लिए अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार की सरगुजा जिले में स्थित परसा ईस्ट कांता बासन कोयला खदान के लिए चाहि गई जमीन के लिए, नवा रायपुर महानदी भवन में उच्च अधिकारियों से मुलाकात की।



■ मंत्रालय में अधिकारियों से मिले, रखा अपना पक्ष

### राजस्थान सरकार को अलाट हुआ

सीएमडी आरके शर्मा ने ये भी कहा, यहां पर राजस्थान राज्य विद्युत मंडल का जो खुद का कैप्टिव कोल माइन है, जो उन्हें अलॉट हुआ है। यह राजस्थान सरकार का है। ये राजस्थान राज्य उत्पादन निगम की माइंस है। उन माइंस में से हम अपना कोयला नहीं निकाल पा रहे हैं, जिनका कि अलॉटमेंट भी 2007 में हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने भी अपने डिसीजन दिए हैं।

### पेड़ कहां नहीं कटते हैं

उन्होंने बताया कि जो पेड़ की बार-बार कटाई हो रही है, आपके यहां पेड़ काटे जा रहे हैं, मुझे यह बताइए कि क्या कोई भी जगह ऐसी है, जहां आप पेड़ काटे बिना कोयला निकाल सकते हो? कहीं निकल सकता है क्या? आज इतने सारे स्टेट हाईवेज निकले हैं, कितने पेड़ कटे होंगे? वहां तो कोई मुद्दा नहीं बना। आज यहां क्यों यह मुद्दा बन रहा है? या एसईसीएल या एनसीएल की जो माइंस हैं, कोल इंडिया लिमिटेड की जो माइंस हैं, या और भी जो माइंस हैं, ये जब माइंस बनी होंगी या इन जगहों से जब कोयला निकला होगा, तब वहां भी तो पेड़ कटे होंगे।

## जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक में खनिज विभाग के अधिकारियों पर बिफरे विधायक

# जिले में खनिज खदानों पर अवैध उत्खनन तत्काल बंद कराएं, राजस्व की हानि बर्दाश्त नहीं करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रास भवन में गुरुवार को जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक हुई। इस बैठक में जिले के खनिज खदानों पर अवैध रूप से चल रहे उत्खनन का मुद्दा जोरशोर से उठा। बैठक में धरसींवा विधायक अनुज शर्मा एवं आरंग विधायक खुशवंत साहेब भी पहुंचे थे। दोनों विधायकों ने खदानों में चल रहे अवैध उत्खनन पर जमकर नाराजगी जताई।

विधायकों ने कहा कि दिन-रात खदानों में अवैध उत्खनन चल रहा है, लेकिन विभागीय अधिकारी इसे रोक नहीं पा रहे हैं। खुशवंत साहेब ने कहा कि कई योजनाएं है, जिस पर अभी काम करना है। इसके लिए राजस्व की जरूरत पड़ती है, इसलिए वे किसी भी रूप में राजस्व की हानि बर्दाश्त नहीं करेंगे। विधायक अनुज शर्मा ने बैठक में विभाग के जिम्मेदार अधिकारी के नहीं पहुंचने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए यह तक कह दिया कि अगर उन्हें अधिकारी गंभीरता से नहीं लेंगे, तो वे भी अलग मूड में बात करेंगे। विधानसभा चुनाव के बाद राज्य में नई सरकार के गठन के बाद रायपुर जिला पंचायत की सामान्य सभा की यह पहली बैठक आयोजित की गई। इससे पहले 4 अक्टूबर को यह बैठक हुई थी। बैठक में 4 विभाग खाद्य, ग्रामोद्योग, खनिज एवं शिक्षा से संबंधित एजेंडों पर चर्चा की गई।



■ अनुज शर्मा ने कहा- मुझे गंभीरता से लें, नहीं तो अलग मूड में बात करूंगा

■ गुरु खुशवंत साहेब ने कहा- कई योजनाओं पर काम करना है, इसलिए राजस्व की हानि बर्दाश्त नहीं करूंगा

### अधिकारी नदारद

विधायक अनुज शर्मा ने भी कहा कि बैठक से एक दिन पहले ही उन्होंने खनिज विभाग के जिम्मेदार अधिकारी केके गोलघाटे को बैठक में कौन-कौन सी खदानें वैध रूप से चल रही हैं, अवैध उत्खनन पर रोक लगाने किस तरह की कार्रवाई की जा रही है और कितने लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है, इस संबंध में सारी जानकारी की सूची प्रस्तुत करने के लिए कहा था, लेकिन बैठक में जब अधिकारी अनुपस्थित दिखे, तो विधायक ने इस पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने दो टूक कहा कि अगर अधिकारी विधायक को गंभीरता से नहीं लेंगे, तो मैं भी अलग मूड में बात करूंगा।

### टोकन कटने के बाद किसान बेच नहीं पा रहे धान का मुद्दा उठा

बैठक में सबसे पहले खाद्य विभाग से संबंधित एजेंडे पर चर्चा हुई। इस दौरान कई सदस्यों ने सोसाइटियों में टोकन कटने के बाद भी किसान धान बेच नहीं पा रहे हैं, का मुद्दा उठाया। सभापति राजू शर्मा ने कहा कि कई सोसाइटी में तो किसान के तीन टोकन कटने के बाद भी एक टोकन का धान भी नहीं बेच पाया है। इस दौरान अन्य सदस्यों ने कहा कि धान खरीदी की तारीख बढ़ाने की घोषणा तो की गई है, लेकिन बढ़ाने संबंधित आदेश अब तक जारी नहीं किया गया है। इसके कारण सोसाइटियों में आगामी माह के लिए टोकन नहीं काटा जा रहा है, जिसके कारण किसान भी धान बेच नहीं पा रहे हैं। कुछ सदस्यों ने तो यह तक आरोप लगाया कि कई सोसाइटियों में किसान से एक-दो हजार रुपए लेकर टोकन काटकर उनका धान खरीदा जा रहा है। विभागीय अधिकारियों ने इस आरोप को गलत बताते हुए कहा कि ऐसी कोई शिकायत नहीं आई है। अधिकारियों ने कहा कि किसानों का ऑनलाइन प्रक्रिया के जरिए ही टोकन काटा जा रहा है।

### रेत, मुरुम व गिट्टी की खदानों पर अवैध उत्खनन पर घिरे अधिकारी

बैठक में खनिज विभाग से संबंधित एजेंडे पर भी चर्चा हुई। बैठक के दौरान सदस्यों ने जिले में रेत, गिट्टी व मुरुम की कितनी खदानें वैध रूप से संचालित हैं, इसकी जानकारी मांगी गई। इस पर विभागीय अधिकारी शबीना ने सदस्यों को बताया कि जिले में रेत की 13 खदानों का टेंडर दिया गया है। इनमें से 3 खदानों को सीआ से एनओसी मिल चुकी है, लेकिन इनमें सिर्फ कुम्हारी खदान में ही लोडिंग का काम चल रहा है। शेष दो जगह अभी शुरू नहीं हो पाया है। इस पर कुछ सदस्यों ने सवाल किया कि क्या कि जिन खदानों को सीआ से एनओसी मिल गया है, उन्हें मशीन लोडिंग की अनुमति दी गई है। इस पर अधिकारी ने बताया कि मशीन लोडिंग की अनुमति अभी नहीं मिली है। इस पर विधायक खुशवंत साहेब ने कहा कि पूरे जिले की खदानों पर अवैध उत्खनन हो रहा है। उनके आरंग क्षेत्र में भी धड़ल्ले से दिन की तुलना में रात में ज्यादा उत्खनन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य की कई योजनाएं हैं, जिस पर काम करने राजस्व की जरूरत होती है, इसलिए वे राजस्व हानि को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

### गास मेमोरियल सेंटर व खेल मैदान का प्रबंधन का जिम्मा छग डायसिस को मिला



**रायपुर।** राजधानी रायपुर के जयस्तंभ चौक पर प्राचीन इमारत गास मेमोरियल सेंटर और आकाशवाणी केंद्र के सामने स्थित गास मेमोरियल खेल मैदान प्रबंधन की जिम्मेदारी चर्च ऑफ नार्थ इंडिया की दी गई है। इससे पहले यह जिम्मेदारी जबलपुर डायसिस के पास थी। इस संबंध में दिल्ली सीएनआई मुख्यालय सिनोड से एक पत्र जारी किया गया है। छत्तीसगढ़ डायसिस के सचिव नितिन लॉरेंस ने बताया कि सामाजिक क्षेत्र में इस संस्था ने छत्तीसगढ़ में अनुकर्णीय सेवाएं दी हैं। जबलपुर डायसिस के बिशप अजय उमेश जेम्स ने 1 दिसंबर को सीएनआई के मॉडरेटर द मोस्ट रेवरेंड बीके नायक को पत्र लिखकर गास मेमोरियल सेंटर प्रबंधन का चार्ज छत्तीसगढ़ डायसिस के बिशप को सौंपने का आग्रह किया था। उन्होंने मॉडरेटर को स्मरण दिलाया कि छत्तीसगढ़ दौरे के वक्त उन्होंने घोषणा की थी कि जल्द ही गास मोमोरियल का प्रबंधन छत्तीसगढ़ डायसिस को स्थानांतरित कर दिया जाएगा। इसीलिए हम आपके संकल्प पत्र का इंतजार कर रहे हैं। बिशप जेम्स ने आग्रह किया था कि जबलपुर से इस संस्था का प्रबंधन करना काफी कठिन महसूस होता है।

## स्कूल में पसरी गंदगी

# शिक्षिका नदारद, बच्चों को नाश्ता देने में किया विलंब, बिफरे कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कलेक्टर डा. गौरव सिंह ने गुरुवार को धरसींवा विकासखंड के ग्राम धनेली के प्राथमिक-मिडिल स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान स्कूल की कक्षाओं एवं खेल मैदान में गंदगी पसरी हुई थी, वहीं एक शिक्षिका भी अनुपस्थित मिली। आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को समय पर नाश्ता भी नहीं दिया गया। कलेक्टर ने इस पर कड़ी नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को शिक्षिका का एक दिन का वेतन काटने तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षक को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने जिले के धरसींवा विकासखंड में स्कूल, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केन्द्र, धान उपार्जन केन्द्र और शासकीय उचित मूल्य की दुकान का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान वे सबसे पहले ग्राम धनेली के प्राथमिक शाला और मिडिल स्कूल पहुंचे। वहां उन्होंने कक्षाओं और खेल मैदान पर फैली गंदगी देखकर नाराजगी जाहिर की। साथ ही शिक्षिकाओं की उपस्थिति की जानकारी ली। मौके पर शिक्षिका बिना किसी अवकाश आवेदन के अनुपस्थित पाई गई। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को शिक्षिका का एक दिन का वेतन में कटौती करने तथा शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्राम धनेली के आंगनबाड़ी का भी निरीक्षण किया। इस दौरान सुबह 11 बजे के बाद भी बच्चों की उपस्थिति कम मिली, साथ ही बच्चों को समय पर बच्चों को नास्ता उपलब्ध नहीं कराया गया था। इस पर कलेक्टर ने महिला बाल विकास के पर्यवेक्षक और आंगनबाड़ी सहायिका को नोटिस देने का निर्देश दिया। कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धरसींवा में सभी वार्डों का निरीक्षण किया। साथ ही अस्पताल परिसर में बनने वाला ट्रॉमा यूनिट का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर रायपुर एसडीएम देवेंद्र पटेल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



### ढेबर समर्थकों ने किया भव्य स्वागत

कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट का हवाई अड्डे पर महापौर एजाज ढेबर के समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया। ढेबर समर्थकों ने विशाल मंच पर उनका स्वागत किया और शुभकामनाएं दी। पायलट ने भव्य स्वागत के लिए उनके समर्थकों को धन्यवाद दिया।

# पायलट का भव्य स्वागत, डेढ़ दर्जन जगहों पर मंच में जुटे कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

विधानसभा चुनाव के बाद छत्तीसगढ़ कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी सचिन पायलट गुरुवार को पहली बार छत्तीसगढ़ पहुंचे। उनके आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया। कांग्रेसियों ने जगह-जगह मंच बनाकर अपने नवनियुक्त प्रभारी का जोरदार स्वागत किया। दोपहर पौने 2 बजे रायपुर पहुंचने के बाद एयरपोर्ट से लेकर राजीव भवन पहुंचने में उनको डेढ़ घंटे से अधिक लगा। कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने 15 से अधिक मंच स्वागत के लिए बनाए थे।

एयरपोर्ट पर प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट का स्वागत करने पहुंचे कांग्रेस नेताओं में प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, ताम्रध्वज साहू, सत्यनारायण शर्मा, पूर्व अध्यक्ष मोहन मरकाम, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू और अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। वहां से बाहर निकलने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री सुबोध हरितवाल ने भी सैकड़ों साथियों के साथ एयरपोर्ट के पास जैनम मानस भवन के पास प्रभारी सचिन पायलट का भव्य स्वागत किया।



### 4 साल 11 महीने बाद सरकार बनाने की दिशा में काम करने की जरूरत

**रायपुर।** एआईसीसी महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट ने कहा, मुझे एक नयी जिम्मेदारी दी गयी है। छत्तीसगढ़ के परिणाम आश्चर्यजनक थे। हम चुनाव नहीं जीत पाये। हार-जीत तो एक सिक्के के दो पहलू हैं। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार ने बहुत अच्छा काम किया था, जीवन और राजनीति में पीछे नहीं आगे देखना होगा। आप लोगों की मदद करने के लिये मैं पूरा प्रयास, प्रयत्न करूंगा। आने वाले लोकसभा चुनाव में सबको मिलकर काम करना है। देश के विपक्ष का एकजुटता का प्रयास हुआ है। इंडिया एलांइस अनेकों पार्टियों को लेकर एक गठबंधन बन गया है, बहुत जल्द सीटों का बंटवारा होगा।

### फुंडहर में सत्यनारायण शर्मा ने किया स्वागत

प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट का फुंडहर चौक पर रायपुर ग्रामीण के पूर्व विधायक सत्यनारायण शर्मा एवं पंकज शर्मा के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। पुष्प वर्षा के साथ-साथ गज माला पहना कर स्वागत किया। पूर्व विधायक के सैकड़ों की संख्या में समर्थक भी मौजूद थे।

### पगड़ी पहनाकर किया सम्मान



छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट के प्रथम छत्तीसगढ़ आगमन पर मरीन ड्राइव में गुरुवार को स्वागत किया गया। साथ ही उन्हें पगड़ी पहनाकर तलवार भेंट की गई। स्वागत करने वालों में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री दीपक मिश्रा, सचिव राजेश चौबे आदि उपस्थित थे।

### धान से तौल कर किया सम्मान



जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर के जिलाध्यक्ष उधोराम वर्मा के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट का धान से तौलकर स्वागत किया। सम्मान के दौरान पूर्व विधायक अनिता शर्मा, प्रदेश सचिव प्रवीण साहू, धनराज मध्यानी, घनश्याम वर्मा, संतोष पाल, रहमत खान, मोहन वर्मा, श्रवण निषाद, मनसा निर्मलकर, चंद्रहास साहू आदि उपस्थित थे।

### धनुष-बाण भेंटकर किया स्वागत



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी सचिन पायलट का छत्तीसगढ़ में प्रथम आगमन पर पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने गुरुवार को सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ पुष्पमालाओं और आतिशबाजी करते हुए भव्य स्वागत किया। साथ ही श्री उपाध्याय ने सचिन पायलट को स्मृति चिन्ह के रूप में धनुष-बाण भेंट किया। ज्ञात हो कि प्रभारी के प्रथम आगमन पर प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में 14 जनवरी से शुरू होगी। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा इस बार छत्तीसगढ़ से होकर गुजरेगी।

# 24 घंटे जल आपूर्ति से पहले जयस्तंभ चौक से फाफाडीह तक टेस्टिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शहर के 15 वार्डों में रहने वाले 2.50 लाख घरों तक 24 घंटे पानी पहुंचाने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की अनुबंधित एजेंसी इन दिनों नई पाइप लाइन बिछा रही है। जयस्तंभ चौक से फाफाडीह तक पाइप लाइन बिछाने के बाद इसकी टेस्टिंग कराई गई, जिसमें 3 जगहों पर बड़े लीकेज मिले हैं। केके रोड मौदहापारा के मुख्य मार्ग पर पाइप लाइन लीकेज सुधारने गुरुवार की रात में टीम लगाई गई। इसी तरह का बड़ा लीकेज संजय गांधी चौक पर भी मिला है, जिसकी मरम्मत कराने टीम को उतारना पड़ा। इस योजना में 25 किलोमीटर के दायरे में पाइप लाइन बिछाने का काम अभी बाकी है। 130 करोड़ की लागत से 15 वार्डों में 170 किलोमीटर क्षेत्र में पाइप लाइन बिछाकर 2 लाख 50 हजार घरों में चौबीस घंटे पेयजल सप्लाई की जाएगी। स्मार्ट सिटी एरिया बेस्ड प्लान के कारण अभी 25 किलोमीटर की पाइप लाइन बिछाने का काम आने वाले दिनों में शहर में चलेगा। बूढ़ातालाब क्षेत्र, सदरबाजार एरिया में बागड़ी नर्सिंग होम वाली गली, गोलबाजार क्षेत्र, बैजनाथ पारा की गलियों में पाइप लाइन बिछाने काम चलेगा। इसी तरह भाठागांव क्षेत्र, कुकरीपारा, सुभाषनगर, रिंग रोड होते हुए दीवान हास्पिटल क्षेत्र तक पाइप लाइन बिछाई जाएगी।

## पेज 7 के शेष...

### बेमेतरा जनपद पंचायत...

स्थान पर रख दें। इसके अलावा भवन के मुख्य गेट के पास ही एक-एक सदस्यों के नाम पूछकर सत्यापित किए जाने के पश्चात भवन के अंदर प्रवेश दिया गया। सभाकक्ष में पहुंचने पर विहित अधिकारी एवं बेमेतरा एसडीएम सुरुचि सिंह ने जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के विरुद्ध लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के फैसले के लिए मतदान प्रक्रिया अपनाया। सबसे पहले अध्यक्ष के लिए मतदान हुआ, जिसमें अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 19 मत पड़े तथा अध्यक्ष के अविश्वास प्रस्ताव के खिलाफ 4 मत पड़े। इसी तरह उपाध्यक्ष मिथिलेश वर्मा के अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 19 मत तथा विरोध में 4 मत पड़े। इस तरह अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष दोनों को अपने पद से हटना पड़ा।

**निर्देशानुसार किया जाएगा-** जनपद पंचायत अध्यक्ष रेवती साहू तथा जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मिथिलेश वर्मा के खिलाफ और अविश्वास प्रस्ताव सदस्यों के द्वारा लाया गया था। जिसके लिए मतदान के माध्यम से अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष दोनों के अविश्वास प्रस्ताव के समर्थन में 19-19 मत पड़े एवं दोनों के अविश्वास प्रस्ताव के विरोध में 4-4 मत पड़े। आगे कार्यवाही विहित अधिकारी के निर्देशानुसार किया जाएगा।

पीएल ध्रुव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत बेमेतरा

### युवा जो लक्ष्य...

लक्ष्य निर्धारित कर ले उसे पूरा करती है।अगर उसने कुछ करने की ठान ली तो फिर पीछे मुड़कर नहीं देखते पूरा कर के रहते है। उन्होंने सभी युवाओं को शुभकामना दी। विधायक दीपक साहू, पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल, कलेक्टर रणबीर सिंह,पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता और सीईओ ज़िला पंचायत श्रीमती लीना कमलेश मंडावी ने भी युवाओं के लिए अपने-अपने विचार साझा किए और स्वामी विवेकानंद और प्रधानमंत्री द्वारा बताये गये महत्वपूर्ण विचारों, बातों को आत्मसात कर युवा आगे बढ़े। एक लक्ष्य को लेकर चलने से सफलता अवश्य मिलती है। कलेक्टर श्री शर्मा ने राजधानी रायपुर जैसा युवाओं के लिए नालंदा परिसर बेमेतरा में भी बनाने पर ज़ोर दिया । अपर कलेक्टर डॉ.बाजपेयी ने स्वागत भाषण में स्वामी विवेकानंद और राष्ट्रीय युवा दिवस पर प्रकाश डाला।

### धान खरीदी केन्द्रों...

सतर्क रहें। अवैध धान परिवहन पर सख़्त कार्रवाई करें। धान खरीदी के कार्य में गड़बड़ी किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीईओ ज़िला पंचायत मंडावी, अपर कलेक्टर सी.एल,मार्कण्डेय, ज़िला खाद्य अधिकारी नितीश कुमार त्रिवेदी, ज़िला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम सुश्री अलका शुक्ला, डीएमओ उपेन्द्र कुमार, उप पंजीयक सहकारी संस्थाये बसंत कुमार आदि साथ थे। धान खरीदी केंद्र कंतेली में एक दिन में कितने किसानों का खरीदी और बारदाने की जानकारी ली । धान खरीदी केंद्र डूडा में निनवा के किसान कमलेश से बात की और धान खरीदी केंद्र में कोई दिक्क़त या समस्या की जानकारी ली।

**दो दिन के टोकन व धान की ली जानकारी-** कलेक्टर ने दो दिन के भीतर काटे गए टोकन और खरीदे गए धान की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि जिन किसानों को धान खरीदी के लिए उपार्जन केंद्र में बुलाया गया है, उससे धान की खरीदी उसी दिन हो जाए, किसी भी दशा में कोई भी किसान बिना धान बेचे, वापस ना हो इसका विशेष ध्यान रखें।

### कबीर पंथ का ...

के धुन पर श्रद्धालु भजन कर रहे थे। महिलाओं की सुआ नृत्य मंडली भी बढ़ रही थी। अपनी पारंपरिक परिधान में विभिन्न स्थानों से आए मंडली के द्वारा भजन किया जा रहा था। कलाकार द्वारा पंथी गीत प्रस्तुत किया गया, वहीं गड़वा बाजा की धुन पर कलाकारों ने राउत नाचा की प्रस्तुति दी। इसके अतिरिक्त करमा नृत्य मंडली द्वारा भी कार्यक्रम पारंपरिक वेशभूषा के साथ प्रस्तुत किया गया।

**देशभर से पहुंचे श्रद्धालु-** जिला मुख्यालय से लगभग 5 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम लॉलेसरा मैदान पर कबीर पंथ द्वारा कार्यक्रम रखा गया है। जहां पर पूरी तैयारी हो गई है। यहां श्रद्धालु के बैठने की व्यवस्था की गई है। संत समागम मेले में छत्तीसगढ़ के कबीरपंथी श्रद्धालुओं के अलावा ओडिशा, दिल्ली, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान से भी भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं ।

# भूपेश के निवास पहुंचे पायलट दिवंगत नंदकुमार को दी श्रद्धांजलि



**रायपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास पहुंच कर सचिन पायलट ने उनके दिवंगत पिता स्व. नंदकुमार बघेल को श्रद्धांजलि अर्पित की एवं शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। प्रदेश प्रभारी के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत और डॉ. शिव डहरिया भी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप




### दीवारों पर बेहूदा टिप्पणी, भावना आहत

**बालोद।** ग्राम कमरौद में स्थित हनुमान मंदिर के भीतर दीवार की है। दर्शन करने आने वाले खासकर युवाओं द्वारा मंदिर के दीवारों में इस तरह से नाम लिखना और दिल बनाना सहित कई अन्य तरह कलाकारी सादगी भरे दीवारों में तरह तरह के नाम तथा अक्षर उकेरा गया है, इससे मंदिर परिसर के दीवार काफी खराब दिखने लगी है। इस तरह की स्थिति जिले के धार्मिक व पर्यटन स्थलों में देखा जा सकता है, जहां युवाओं द्वारा खाली दीवारों में दिल बनाने तथा प्यार का इजहार करने सहित कई तरह के नाम और अंग्रेजी अक्षर में नाम का पहला शब्द सहित कई अन्य तरह की बातें दीवारों में उकेरा गया है, जो कि गलत है। मंदिर समिति तथा देख रेख करने वालों को इस तरह की हरकत करने वालों पर रोक लगाने चाहिए, ताकि धार्मिक व पर्यटन स्थलों में सादगी भरे दीवारों को खराब होने से बचाया जा सके। मंदिर मे दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओ की भावनाएं आहत न हों।

### मन, वचन, कर्म को साधने का प्रयास करें

**बालोद।** महावीर भवन में प्रवचन श्रृंखला के दौरान शासन दीपिका श्री मंजुला श्रीजी मसा ने कहा कि भगवान की जिनवाणी व्यक्ति अधिकांशतः इसलिए श्रवण करते हैं कि परलोक सुधर जाए, इंसान दुख के काम करता लेकिन दुख नहीं चाहता, दिलो दिमाग में धर्म की आराधना सोच में बिठा रखे हैं कि मैं कहीं से भी बुरा नहीं करूं, मेरा नाम हमेशा सुर्खियों में आना चाहिए। उन्होंने कहा कि धर्म स्थान के भवन मंदिर में भी भक्ति करते समय प्रभु से प्रार्थना करते हुए एक ही बात रहती है कि मेरा कभी बुरा ना हो, व्यक्ति बुराई निकालना नहीं चाहते व बुराई दिखाना भी नहीं। आज इंसान की सोच विचार व कार्य बाहर के यश कीर्ति के लिए हो रहा है। व्यक्ति ध्यान रखें कि यदि घर अच्छा बन गया तो बाहर की दुनिया में दौड़ने की जरूरत नहीं पड़ेगी, यही हमारा धर्म व जिनवाणी माता सिखाती है। अंदर से अच्छा बनने के लिए प्रभु कहते हैं कि इसके लिए। अपनी इंद्रियों पर विजय पाना होगा, मन की चंचलता कम होनी चाहिए, तब ही हमारी इंद्रियां बस में रहेगी, जिसका मन ज्यादा चंचल होगा वह श्वास ज्यादा लगा किसके कारण से मन शांत एकांत नहीं रह पाएगा। मन, वचन, काया को साधने का प्रयास करें। साध्वी जी ने आगे कहा कि धर्म हमें सहने की शक्ति देता है, भीतर में सहनशक्ति बढ़ती जाएगी, वैसे ही हम त्याग, तप, व्रत में जुड़ते चले जाएंगे। हमारी एक सीमा होनी चाहिए, जिस प्रकार हम जानते हैं कि एक शहर या नगर के प्रवेश व अंतिम सीमा में हमेशा बोर्ड लगा रहता है।

# कछुआ चाल से हो रहा सड़क का निर्माण, ठेकेदार द्वारा बरती जा रही लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में लोक निर्माण विभाग द्वारा करहीभदर, निपानी, मोखा, बटरेल, जामगांव (आर) मार्ग का निर्माण 107.04 करोड़ की राशि से 35.52 किलोमीटर सड़क निर्माण का कार्य किया जा रहा है। यह मार्ग जिला मुख्यालय बालोद को दुर्ग जिले के ग्राम जामगांव (आर) से जोड़ेगा, साथ ही राजधानी रायपुर जाने के लिए भी लोगों को सुविधा मिलेगी। जिसका निर्माण कार्य बहुत ही धीमी गति से किया जा रहा है। जिसके कारण राहगीरों को मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन द्वारा सड़क निर्माण को लेकर ठेकेदार को कई बार चेतावनी और समय दिया गया है, इसके बावजूद ठेकेदार द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। वहीं, जो सड़क अब तक बनकर तैयार हो जाना था, वह सड़क चार वर्ष चार महीने से ज्यादा वक्त बीत जाने के बावजूद आज भी निर्माणाधीन है।

जिले में सड़क निर्माण कार्यों पर ठेकेदार द्वारा भारी लापरवाही बरती जा रही है, जो प्रशासन के नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। इसके कारण सड़क निर्माण का कार्य आज भी अधूरा नजर आ रहा है, वर्तमान समय में सड़क किनारे लोगों के पैदल चलने के लिए करहीभदर में चेकर ईंट लगाने का काम जारी है, वहीं सड़क किनारे निकासी नाली का काम भी अधूरा पड़ा हुआ है, जिसके कारण राहगीर बहुत ही ज्यादा परेशान है।

## करहीभदर-जामगांव (आर) मार्ग निर्माण में लेटलतीफी का खामियाजा भुगत रहे राहगीर

### राहगीरों को कब मिलेगी पक्की सड़क की सुविधा

सड़क निर्माण वर्ष 2019 के आठवें महीने से शुरुआत की गई थी, जिन्हें 24 महीने मे पूर्ण करने का आदेश जारी किया गया था, लेकिन सड़क निर्माण की अवधि खत्म होने के पश्चात पुनः एक वर्ष का समय सड़क निर्माण के लिए प्रशासन द्वारा ठेकेदार को दिया गया था, इसके बावजूद कई महीने बीत चुके लेकिन अब तक सड़क निर्माण का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है।



### गड्ढों व धूल के कारण हो रही परेशानी

करहीभदर सरपंच लीला राम ड़ड़सेना ने बताया कि सड़क निर्माण का कार्य वर्षों से धीमी गति से चल रहा है, जिसके कारण सड़क किनारे लगे दुकानदारों को धूल और गड्ढे का सामना करना पड़ रहा है, जिसका असर ग्राहकों पर भी पड़ता है, वहीं निकासी नाली का काम आज भी अधूरा नजर आ रहा है। प्रशासन द्वारा सड़क निर्माण के कार्य को जल्द ही पूर्ण करना चाहिए, जिससे राहगीरों को बेहतर सुविधाजनक सड़क मिल सकें।

## प्रवचन : श्रीकृष्ण ने अर्जुन के सबसे बड़े भक्त होने का घमंड होने पर ले गए ब्राह्मण के पास

# भगवत भक्त गरीब ब्राह्मण ने तोड़ा अर्जुन का अहंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

ग्राम कजराबांधा में चल रहे संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का रसपान करने ग्राम सहित आसपास के क्षेत्र से ग्रामीण जन बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं।

चतुर्थ दिवस कथावाचक पंडित अमित सरस भारती झा पलारी ने बताया कि एक बार अर्जुन को अहंकार हो गया कि वही भगवान के सबसे बड़े भक्त हैं। उनकी इस भावना को श्रीकृष्ण ने समझ लिया। एक दिन वह अर्जुन को अपने साथ घुमाने ले गए। रास्ते में उनकी मुलाकात एक गरीब ब्राह्मण से हुई। उसका व्यवहार थोड़ा विचित्र था। वह सूखी घास खा रहा था और उसकी कमर से तलवार लटक रही थी। अर्जुन ने उससे पूछा आप तो अहिंसा के पुजारी हैं। जीव हिंसा के भय से सूखी घास खाकर अपना गुजारा करते हैं। लेकिन फिर हिंसा का यह उपकरण तलवार क्यों आपके साथ है। ब्राह्मण ने जवाब दिया कुछ लोगों को दंडित करना चाहता हूं। आपके शत्रु कौन हैं, अर्जुन ने जिज्ञासा जाहिर की। ब्राह्मण ने कहा मैं चार लोगों को खोज रहा हूं, ताकि उनसे अपना हिसाब चुकता कर सकूं, सबसे पहले तो मुझे नारद की तलाश है, नारद मेरे प्रभु को आराम नहीं करने देते, सदा भजन-कीर्तन कर उन्हें जागृत रखते हैं, फिर मैं द्रौपदी पर भी बहुत क्रोधित हूं, उसने मेरे प्रभु को ठीक उसी समय पुकारा, जब वह भोजन करने बैठे थे। उन्हें तत्काल खाना छोड़ पांडवों को दुर्वासा ऋषि के शाप से बचाने जाना पड़ा। उसकी धृष्टता तो देखिए। उसने मेरे भगवान को जूठा खाना खिलाया।





### आपका तीसरा शत्रु कौन है, अर्जुन ने पूछा

अर्जुन ने ब्राह्मण से पूछा कि आपका तीसरा शत्रु कौन है वह है हृदयहीन प्रह्लाद, उस निर्दयी ने मेरे प्रभु को गरम तेल के कड़ाह में प्रविष्ट कराया, हाथी के पैरों तले कुचलवाया और अंत में खंभे से प्रकट होने के लिए विवश किया। और चौथा शत्रु है अर्जुन, उसकी दुष्टता देखिए उसने मेरे भगवान को अपना सारथी बना डाला। उसे भगवान की असुविधा का तनिक भी ध्यान नहीं रहा, कितना कष्ट हुआ होगा मेरे प्रभु को, यह कहते ही ब्राह्मण की आंखों में आंसू आ गए। यह देख अर्जुन का घमंड चूर-चूर हो गया, उसने श्रीकृष्ण से क्षमा मांगते हुए कहा मान गया प्रभु, इस संसार में न जाने आपके कितने तरह के भक्त हैं, मैं तो कुछ भी नहीं हूं।

# पार्श्वनाथ नाथ प्रभु की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा 22 को



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अपने धन का और अपने मन का (अंतरात्मा) का सदुपयोग परमार्थ के कार्यों के द्वारा ही किया जा सकता है, इस बात को चरितार्थ किया है बालोद के बाफना परिवार ने। इस परिवार के सदस्यों द्वारा अपने माता-पिता सुल्तानमल-सजनाबाई के नाम पर चैरिटेबल ट्रस्ट की स्थापना की गई है, जो समाज सेवा के विभिन्न प्रयोजनों के लिए कार्य करती है। बाफना परिवार के वरिष्ठ सदस्य मूलचंद बाफना के परमार्थ के कार्यों की सोच को आगे बढ़ाने उनके भाई मदनलाल, गौतमचंद, प्रकाश बाफना एवं उनकी बहनों का पूर्ण सहयोग प्राप्त होता है। बालोद में सर्वप्रथम एम्बुलेंस की सुविधा इसी परिवार द्वारा प्रदान की गई, जो आज भी संचालित है। बालोद में जमीन से निकली गणेश जी की प्रतिमा के प्रति पूरे परिवार की श्रद्धा एवं आस्था है, इसे मंदिर का स्वरूप प्रदान करने में परिवार का पूर्ण योगदान रहा। अब इस मंदिर के साथ ही गणेश प्रसादम भी संचालित किया जा रहा है, जिसमे नाम मात्र शुल्क पर जरूरतमंदों को भोजन कराया जाता है। बाफना परिवार द्वारा अब मूक बधिर बच्चों के लिये सर्व सुविधा युक्त श्री पार्श्व दिव्यांग विद्या मंदिर का संचालन बालोद से 7 किलोमीटर दूर उमरादाह में किया जा रहा है। यहां इस वर्ष 16 मूक बधिर बच्चों के साथ पढ़ाई प्रारंभ हो गई है। इन्हें पढ़ाने वाले शिक्षक दुष्यंत कुमार साहू स्वयं मूक बधिर है तथा मूक बधिर बच्चों को पढ़ाने में प्रशक्षित है। इस विद्या मंदिर को मंदिर का स्वरूप मानते हुए यहां पर जैनों के 23 वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ नाथ प्रभु की 13.5 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित की गई है, जिसकी प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम 22 जनवरी सोमवार को रखा गया है।

# जिले के 2051 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरित





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा बालोद जिले के हितग्राहियों को शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं से भी लाभान्वित करने का कारगर माध्यम साबित हो रही है। इसके अंतर्गत जिले में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविरों में कुल 2051 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड वितरण के अलावा 143 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन प्रदान किया गया। शिविर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 55 हितग्राही का नवीन पंजीयन किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 186 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 191 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। केसीसी ऋण स्वीकृत करने हेतु 55 किसानों का आवेदन लिया गया। इस दौरान 'मेरी-कहानी, मेरी-जुबानी' के अंतर्गत हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं से उन्हें मिले लाभ के संबंध में जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि आज बालोद विकासखण्ड के ग्राम परसदा, देवीनवागांव और नेवारीकला तथा डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम सुरेगांव, परसाडीह सु, संजारी और गंजाईडीह तथा गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम कुरदी, बासीन, पिरीद, कुथरेल और मटिया अ में विकसित भारत संकल्प यात्र का आयोजन किया गया। इसी प्रकार गुरूर विकासखण्ड के ग्राम बगतरायी, बोरीदकला और बालोदगहन तथा डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम ढोरीठेमा, भर्रीटोला 36 और कुंजकन्हार में विकसित भारत संकल्प यात्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हितग्राहियों को केंद्र सरकार के जन कल्याणकारी योजना के अंतर्गत विभिन्न सामग्रियों का वितरण किया गया।

■ गांव-गांव पहुंच रही विकसित भारत संकल्प यात्रा

# अर्जुनी पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

ग्राम अर्जुनी में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन हुआ, जहां शिविर में बैंक सखी, बिहान समूह, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान विभाग, चिकित्सा विभाग, कृषि विभाग, पशु विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य विभाग के द्वारा स्टाल लगाया गया था।

शिविर में ग्रामीणों को केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना, आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि के हितग्राहियों से आवेदन लिया गया, शिविर में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत पांच हितग्राहियों को गैस सिलेंडर व आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सांसद प्रतिनिधि थानसिंह मंडावी, सरपंच करुणा साहू, पूर्व सरपंच यशोदा देवी साहू, राहुद उप सरपंच अंजू राम साहू सहित विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर किया गया। इस अवसर पर पंचायत सचिव आशीष शुक्ला, रोजगार सहायक तुलसी सिन्हा, पूर्व सरपंच घना राम साहू, सुरेंद्र हिरवानी, भुवन लाल साहू, तुलसीराम, सतानंद हिरवानी, बलराम साहू, नोडल अधिकारी दिनेश नेताम, अर्चना साहू, पंच रजनी साहू, ललिता रात्रे, तुलेश्वरी साहू, वंदना साहू, जयंती साहू, एवन साहू, लोकेश्वरी ठाकुर, प्रेमा साहू, हेमा साहू, रेणुका साहू, मितानिन ममता राव, मधु साहू, परदेसनीन साहू, कल्पना बघेल, अमित साहू, भूपेंद्र साहू सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।



विभिन्न विभागों के स्टॉल में हितग्राहियों को किया गया लाभान्वित

# हितग्राहियों को मिल रहा शासन की योजनाओं का लाभ

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम भरनाभाट में लगा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन ग्राम पंचायत भरनाभाट में किया गया। इसके दौरान शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी समेत पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। जिनमें उज्जवला योजना समेत, अन्य योजनाओं में जल-जीवन मिशन छत्तीसगढ़, पशुधन विकास विभाग, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, एकीकृत बाल विकास परियोजना, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ इत्यादि योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। शिविर के दौरान उज्जवला योजना के पात्र हितग्राहियों में भरनाभाट पंचायत के 07 हितग्राहियों को रसोई गैस चूल्हा का वितरण भी किया गया। जिनमें तीरथ बाई भरनाभाट, सीता बाई भरनाभाट भारती विनायक डुमरघुंचा, कुमीनता बाई अलीवारा, ऊषा बाई आलीवारा, रेखा बाई आलीवारा, यशोदा बाई अलीवारा इत्यादि शामिल हैं। वहीं, कुछ उज्जवला योजना के पात्र हितग्राहियों के फिंगर प्रिंट में रिजेक्शन एवं आधार लिंक नहीं होने के कारण पात्रता होने के बावजूद शिविर में लाभ नहीं मिल पाया। साथ ही शिविर के दौरान आयुष्मान कार्ड इत्यादि का वितरण एवं विभिन्न योजनाओं में हितग्राहियों का नवीन पंजीयन भी किया गया ।आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 55 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 07 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 03 हितग्राहियों का नवीन पंजीयन किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 11 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 12 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। शिविर के दौरान सबसे ज्यादा प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए तकरीबन 75 आवेदन प्राप्त हुए,जिनमें कुछ ऐसे हितग्राहियों के आवेदन भी शामिल किए गए जो अनुचित तरीके से 2016 की हितग्राही सूची में अपात्र कर दिए गए थे।जिनमें डूमरघुंचा से हितग्राही खेमिन बाई तथा भरनाभाट से लखन लाल, बिरदयलाल, मनोज इत्यादि के आवेदन शामिल हैं। वहीं, शिविर के दौरान आवेदक पीएम आवास के संबंध में जानकारी लेना चाहा परन्तु कार्यक्रम आयोजन के दौरान पीएम आवास योजना के संबंध में उचित जानकारी देने वाले संबंधित विभाग का पंडाल ही नजर नहीं आया।



### स्वास्थ्य परीक्षण कर दी गई दवाइयां

कार्यक्रम के दौरान शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा आम लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईयां भी वितरित की गई। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों के अलावा जनपद पंचायत डौंडीलोहारा के जनपद सदस्य संतोषी भूआर्य समेत ग्राम पंचायत भरनाभाट के सरपंच-सचिव, व जनप्रतिनिधि एवं-कर्मचारी एवं संबंधित ग्रामों के ग्रामीण जन काफी संख्या में उपस्थित थे। शिविर में हितग्राहियों को केन्द्र सरकार के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने के अलावा उन्हें इन योजनाओं से होने वाले लाभ के संबंध में भी जानकारी दी गई। इसके अलावा संबंधित विभाग के अधिकारियों को शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदन भरने सहित सभी प्रक्रियाओं के संबंध में जानकारी दी गई।

### वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ 22 को करेगा घरों में दीपदान, जिपं सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने एक माह का मानदेय दिया

**बेमेतरा।** अयोध्या में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा को ले कर चल रही तैयारियों में पूरे देश में उत्साह का माहौल है। जिले के मठ, मंदिर,अखाड़ा संप्रदायों के महंतो को अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ के राष्ट्रीय सचिव और निर्वाणी अखाड़ा के डॉ. सौरभ निर्वाणी ने अपील करते हुए कहा है कि सभी सम्प्रदाय के मठ मंदिर और प्रांगणों,देवालयों को भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा के मंगल अवसर के साक्षी बनना जीवन की सार्थकता है। सभी अपने परिसरों को दीपों से जगमग करें,इस मङ्गल दिन के लिए अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ चतुः सम्प्रदाय ग्रामीण अंचलों में मिट्टी के दिये,तेल,बाती और भगवान राम के स्तुति सुंदर कांड की पुस्तिका ग्रामीण माताओं को भेंट करेगी। इस पुण्य कार्य के लिए जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने अपने एक महीने का मानदेय भेंट किया है। जमात मंदिर थानखम्हारिया के महंत बसंत दास ने बाती, नवागढ़ के राम मंदिर के महंत सुरेंद्र दास वैष्णव ने दीपों के लिए तेल देने की घोषणा की है। अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ के स्थानीय इकाई ने सभी समाज से जनसहयोग लेकर ,जिले के नगरीय और ग्रामीण अंचलों में व्यापक पैमाने पर दीप दान कार्यक्रम को करने की बात कही है।

Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### कंवर के स्कूल में मनी विवेकानंद की जयंती

**गुरूर।** शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कंवर में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। जिसमें मुख्य अतिथि प्राचार्य केआर कोवाची थे। अध्यक्षता व्याख्याता डीएस नायक ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद की तैल चित्र का पूजा अर्चना कर व माला अर्पण कर किया गया। डीएस नायक ने स्वामी विवेकानंद के बारे में जानकारी दी। साथ ही युवा प्रेरणा स्तोत्र स्वामी विवेकानंद को याद किया। मधुलिका सोनबेर ने स्वामी विवेकानंद के बारे में बच्चों को कहानी सुनाई। राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवको द्वारा विवेकानंद का प्रतीक चिन्ह विद्यालय के प्राचार्य को भेंट किया। मंच का संचालन रासोयो प्रभारी केआर भंडारी ने किया।

### खैरा शाला में मनाई गई विवेकानंद जयंती

**डौंडीलोहारा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खैरा में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर विकसित युवा, विकसित भारत थीम पर युवा दिवस का आयोजन किया गया। बच्चों को स्वामी विवेकानंद जी के जीवन परिचय से अवगत कराते हुए उनसे प्रेरणा लेकर जीवन में आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही तंबाकू निषेध का शपथ दिलाया गया। संस्था के प्रधानपाठक प्रेम सिंह कोलियारे द्वारा अपने अनुभव साझा करते हुए बच्चों को धूम्रपान से दूर रहने और आसपास के लोगों को भी जागरुक करते हुए स्वस्थ जीवन के उपाय बताए गए। खेमन्त साहू ने स्वामी जी के जीवन के रहस्यमय उपलब्धि के बारे में चर्चा किया। शिक्षक लक्ष्मीकांत नेताम, केशव सिहारे ने भी स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों को आत्मसात कर बच्चों को अनुशासित जीवन जीने और फायदे बताए। शाला नायक देवव्रत, उप शाला नायक रागनी साहू, सांस्कृतिक प्रभारी लसिका पटेल, अनुशासन प्रभारी डिशा, रुचिका निर्मलकर, निकिता भुआर्य, गौरव का विशेष सहयोग रहा।

### डौकीडीह में 16 को मड़ई व चौसर स्पर्धा

**अंडा।** ग्राम डौकीडीह में ग्रामवासियों के सहयोग से 16 जनवरी को मंडाई मेला का आयोजन रखा गया है एवं एक दिवसीय कबड्डी व चौसर पासा प्रतियोगिता रखा गया है। सरपंच मोहन लाल चंद्राकर ने बताया कि इस अवसर में रात्रि 10 बजे नवज्योति मंडली रामधुनी सोंहपूर जिला धमतरी वालों का कार्यक्रम रखा गया है।

## निधन

### फूलसिंह देशमुख



**अंडा।** ग्राम चिंगरी बस्ती पारा निवासी फूलसिंह देशमुख 77 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया है। वे शुकालू देशमुख, दुकालू देशमुख के भाई व एमन देशमुख, हरि देशमुख के चाचा थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के मुक्तिधाम में किया गया।

**आयोजन : नांदघाट पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा**

# नवागढ़ क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए नहीं होगी धन की कोई कमी : दयालदास बघेल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नांदघाट



ग्रामीण क्षेत्रों में भारत सरकार की योजनाओं से नागरिकों को जागरूक करने एवं शासन की योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का मोबाईल वैन शुक्रवार को तहसील मुख्यालय नांदघाट पहुंचा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खाद्य मंत्री व नवागढ़ विधायक दयालदास बघेल शामिल हुए।

इस दौरान मंत्री बघेल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सोच है कि विभिन्न सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को मिले, जिससे उसके और क्षेत्र के समग्र विकास हो सके। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में मोदी की गारंटी पर काम कर रहे हैं। प्रदेश में भाजपा सरकार बनते ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पहली कैबिनेट में ही 18 लाख लोगों के लिए आवास बनाने का निर्णय लिया। 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के दिन अटल की जयंती के अवसर पर 12 लाख से अधिक किसानों को दो साल का बोनस दी गई। वहीं किसानों को समृद्ध बनाने के 21 क्विंटल धान की खरीदी की जा रही है। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत महिलाओं को 12 हजार रुपये देंगे। इसके लिए अनुपूरक बजट में व्यवस्था कर ली गई है, जल्द ही यह योजना लागू कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि नवागढ़ विधानसभा में विकास कार्यों के लिए धन राशि की कोई कमी नहीं होगी, गांवों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार कर ग्रामीणों को हर संभव राहत प्रदान करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। वहीं क्षेत्र में शांति स्थापित करना पहली प्राथमिकता है।

**मोबाइल वैन के माध्यम से संदेश प्रसारित :** विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में मोबाइल वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का वाचन किया गया। विकसित भारत के निर्माण के लिए सभी ने शपथ ली। चलचित्र के माध्यम से विकसित भारत के उद्देश्य की जानकारी दी गई। शिविर में वैन द्वारा एलईडी के माध्यम से शासन की विभिन्न संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदर्शित की गई। इसके अतिरिक्त शिविर में पूर्व में शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने वाले हितग्राहियों द्वारा मेरी कहानी-मेरी जुबानी अंतर्गत योजना का लाभ पाने के बाद जीवन में आए बदलावों और आर्थिक उन्नति के बारे में अवगत कराया गया। शिविरों में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई।

**गर्भवती माताओं को दिया गया सुपोषण किट :** इस दौरान शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत गोद भराई कार्यक्रम अंतर्गत गर्भवती माताओं को सुपोषण किट प्रदान किया गया, खाद्य विभाग ने उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं को गैस वितरण किया। वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए कैम्प में बीपी, शुगर की जांच तथा दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई।

शिविर में केंद्र सरकार की जल जीवन मिशन, आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, मातृत्व वंदना योजना सहित विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने एवं जानकारी देने हेतु विभागों द्वारा स्टॉल लगाया गया। जहां पर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया गया एवं जरूरतमंद लोगों को आवेदन फार्म भरवाए जा रहे हैं।

**ये रहे मौजूद :** इस दौरान कार्यक्रम में भाजपा नेता मनीष जायसवाल, दिनेश सोनी, नवागढ़ सरपंच संघ अध्यक्ष अरविंद कुर्रे, नांदघाट सरपंच सरिता लाला कटारे, खपरी सरपंच चमेली अर्जुन घृतलहरे, अकोली सरपंच तानिया प्रेम नवरंग, प्राचार्य एनडी जांगडे, विवेक शुक्ला, जगनंदन अग्रवाल, शैलेंद्र अग्रवाल, संदीप वैष्णव, सचिव गणेश कुर्रे, रोजगार सहायक संदीप साहू, मनोज यादव, गौतरहीन यादव सहित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## विवेकानंद विद्या मंदिर में मनाया गया अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस



हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवागढ़

शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर हायर सेकंडरी स्कूल नवागढ़ में स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस पर अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रबंधक सीमा जायसवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने स्वामी विवेकानंद व भारत माता की वेशभूषा धारण कर नगर भ्रमण किया। नगर भ्रमण के तहत महामायापारा से शंकर नगर नवागढ़ तक किया गया। इस दौरान छात्रों ने नारे लगाते हुए स्वामी विवेकानंद के विचारों व आदर्शों पर चलने का संदेश दिया। विद्यालय में विविध कार्यक्रम जैसे गीत, भाषण, कविता आयोजन किया गया। विद्यालय प्रमुख वीरेन्द्र जायसवाल ने अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस की बधाई देते हुए कहा कि 12 जनवरी भारतीय इतिहास के गौरवमयी दिनो में से एक है। ये दिन करोड़ों युवाओं के प्रेरणस्त्रोत आध्यात्मिक गुरु स्वामी विवेकानन्द जी की जयंती और राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। स्वामी विवेकानन्द न सिर्फ भारत अपितु पूरे दुनिया में अपने विचारों के लिए जाने जाते है। हमें अपने जीवन में कम से कम एक विचारों को अपनाते हुए उनके आदर्शो पर चलना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक गीतेश्वर यादव,संजू वर्मा, भूनेश कुमार, शंकर सिन्हा, कौशल, कुलेश्वर साहू, संजय साहू, चंद्रकली यादव, रेशमी देवांगन, चंद्रकिरण, हेमिन साहू, पल्लवी मिश्रा, रामेश्वरी बंजारे आदि उपस्थित थे।

## पराक्रम दिवस पर कारगिल वॉर का हीरो दीपचंद 22 को नवागढ़ में

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवागढ़

23 जनवरी को गुरुकुल विद्यालय सुकुलपारा नवागढ़ में आयोजित पराक्रम दिवस, नेता जीसुभाष चंद्र बोस जयंती और नियमित ध्वजारोहण के आठवीं वर्षगांठ पर मुख्य अतिथि के रूप में कारगिल वॉर के हीरो नायक दीपचंद मुख्य अतिथि के रूप में सपत्नीक उपस्थित रहेंगे।

तोपची नायक दीपचंद की नियुक्ति कारगिल वॉर के समय टाइगर हिल की 17,000 फीट की ऊंचाई पर बर्फ जमे पहाड़ पर थी। इस युद्ध में भारत ने बहुत गौरवपूर्ण विजय प्राप्त की थी । इस युद्ध में भारत के कुछ जवान शहीद हुए और कुछ घायल भी हुए घायलों में एक दीपचंद नायक प्रख्यात इस युद्ध में अपने दोनों पैर और एक हाथ गंवाए, लेकिन आज भी देश के प्रति उनका जज्बा उनके चेहरे से स्पष्ट झलकता है। भूतपूर्व सीडीएस विपिन रावत के द्वारा दीपचंद को कारगिल योद्धा की उपाधि से सम्मानित किया गया है। वर्तमान में दीपचंद आदर्श सैनिक फाउंडेशन के जरिए ड्यूटी के दौरान विकलांग हुए सैनिकों के कल्याण के लिए काम कर रहे हैं। ऐसे वीर योद्धा का नवागढ़ में आना बहुत गर्व की बात है।



**विविध स्पर्धा का होगा आयोजन-** इस कार्यक्रम को भव्य और विशाल स्वरूप देने के लिए गुरुकुल विद्यालय द्वारा विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। जिनके विजेताओं को नायक दीपचंद के हाथों पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिताओं में पहली बार आयोजित प्रतियोगिता शंख बजाओ प्रतियोगिता है जो की 22 जनवरी को सुबह 7 बजे से 9 बजे तक आयोजित है। जिसमें उम्र के अनुरूप तीन ग्रुप बनाया गया है। पहले ग्रुप में 15 वर्ष तक, दूसरे ग्रुप में 30 वर्ष तक और तीसरे ग्रुप में 30 वर्ष से ऊपर के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं।

**निबंध स्पर्धा-** अभिभावकों के लिए निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, जिसमें विषय मेरे बच्चे मेरे सपने, शिक्षकों के लिए निबंध प्रतियोगिता का विषय विद्यालय परिसर मेरी नजर में और अन्य सबके लिए निबंध प्रतियोगिता का विषय विद्यालय में धर्म की शिक्षा का महत्व। निबंध प्रतियोगिता के शब्द सीमा 3,000 शब्द और जमा करने की अंतिम तिथि 15 जनवरी है। इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय ,और तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को नायक दीपचंद के द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिता से संबंधित कोई भी जानकारी के लिए विद्यालय गुरुकुल विद्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

## हाईस्कूल स्तर पर हमारा विद्यालय, हायर सेकंडरी को लेबर सुरक्षा को मिला प्रथम स्थान

**बेमेतरा।** स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय बेमेतरा मे विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा ने बच्चों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों की प्रतिभा सामने आती है। मनुष्य के दैनिक जीवन मे आने वाली समस्याओं का समाधान विज्ञान के द्वारा कैसे हो सकता है यह विज्ञान मॉडलों के माध्यम से ही मिल पाता है।

संस्था की प्राचार्य कविता बाचपेयी ने छात्राओं के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी। इस आयोजन हेतु संस्था के विज्ञान विषयों के व्याख्याताओं ज्योति परमार,ऋचा मिश्रा,नेहा ठाकुर,सोमा घोष ने छात्राओं का मार्गदर्शन किया। उक्त विज्ञान प्रदर्शनी मे कक्षा 9 वीं से 12 वीं की छात्राओं ने कुल 128 मॉडल प्रस्तुत किए जिनका विद्यालय के शिक्षकों,विद्यार्थियों एवं नगर के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक,विद्यार्थियों ने अवलोकन किया। उक्त प्रदर्शनी में निर्णायक के रूप में संतोष मिश्रा,हिरेंद्र साहू,नरेंद्र देवांगन ने मॉडलों का निरीक्षण किया और अपना निर्णय दिया। अन्य प्रतिभागियों ने भी सराहनीय प्रयास किया।



**ये रहे विजेता-** हाईस्कूल स्तर पर प्रथम स्थान पर कक्षा 10 वीं की छात्रा सुनीता एवं योगिता द्वारा निर्मित हमारा विद्यालय, द्वितीय कक्षा 10 वीं से ही तुलसी वर्मा निर्मित त्रिकोणमिति अनुपात तथा तृतीय अमृता एवं भारती द्वारा बनाया गया ऊर्जा स्त्रोत मॉडल को मिला। हायर सेकंडरी स्तर से कक्षा 12 वीं की देविका और वंदना के मॉडल लेबर सुरक्षा को प्रथम ,11 वीं की छात्राओं नीलम एवं दीपिका के चन्द्रयान को द्वितीय तथा 12 वीं की संध्या एवं नीलम के सिटी स्कैन को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

## रासेयो के सात दिवसीय शिविर का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद/कलंगपुर



मदन लाल साहू शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला के द्वारा संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम कोसागोंदी में किया गया।

जिसमें प्रत्येक दिवस बौद्धिक परिचर्चा सत्र में अनेक बुद्धिजीवियों द्वारा अपने अनुभव के बारे में बताया गया, साथ ही अपने लक्ष्य को कैसे प्राप्त करें इसके संबंध मे मार्गदर्शन दिया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद भारती ने बताया की शिविर का मतलब ही त्याग होता है, जहां हम भोग विलास की वस्तुओं से दूर रहकर हम अपने चरित्र निर्माण व लोगों को जागरूक शिविर के माध्यम से करते हैं, हमारे स्वयंसेवक ने बहुत ही निष्ठा और लगन से इस शिविर को सफल बनाया। स्वयंसेवकों द्वारा गांव गली की साफ-सफाई करके स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया।साथ ही नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरुक करते जैसे नशा मुक्ति जागरूकता, स्वच्छता जागरूकता, मतदाता जागरूकता, टोनही प्रताड़ना के संबंध में जागरूक किया।

विशेष शिविर के समापन में मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत कोसागोंदी सरपंच थे। विशेष अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सपना कौर, सहायक प्राध्यापक डॉक्टर यशवंत साहू, डॉ. रामेश्वर ठाकुर व कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद भारती, सहायक प्राध्यापक योगिता ठाकुर, अतिथि व्याख्याता अंजनी पैंकरा, ममता, राजेंद्र जंघेल, संतोष देवांगन, डॉक्टर आशीष द्विवेदी एवं दलनायक दुर्गेश कुमार व काबुल जी अन्य महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

**कैरियर मार्गदर्शन एवं व्यावसायिक शिक्षा प्रशिक्षण कार्यशाला समाप्त**

## सामान्य के साथ व्यावसायिक शिक्षा को समाहित करना सीखें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

डाईट में 12 जनवरी को कैरियर मार्गदर्शन एवं व्यावसायिक शिक्षा प्रशिक्षण कार्यशाला के अंतिम दिन सर्वप्रथम तृतीय दिवस की गतिविधियों पर आधारित प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्रथम सत्र में अतिथि के रूप मे उपस्थित योग प्रशिक्षक भरत साहू ने योग के क्षेत्र मे कैरियर निर्माण हेतु उपलब्ध विभिन्न रोजगार मूलक पाठ्यक्रम की जानकारी प्रदान की। साथ ही विभिन्न योग मुद्राओं का प्रायौगिक प्रस्तुतीकरण किया। उन्होंने योग से होने वाले विभिन्न प्रकार के फायदे पर विस्तृत चर्चा की। द्वितीय सोपान में मास्टर ट्रेनर सुनील कुमार झा ने कैरियर मार्गदर्शन में विद्यार्थियों, पालकों, समुदाय, विद्यालयों, परामर्शदाता, परिवेश, सार्वजानिक संस्थानों,शासन-प्रशासन बैंकों एवं प्रशिक्षण संस्थान आदि तत्वों की भूमिका पर सामूहिक चर्चा एवं प्रस्तुतीकरण के माध्यम से कार्यशाला संचालित की। प्रशिक्षु शिक्षकों ने उक्त प्रस्तुतीकरण में अपनी सक्रिय भागीदारी दी। भोजनावकाश पश्चात मास्टर ट्रेनर वेदराम लोधी ने सामान्य शिक्षा के साथ व्यावसायिक शिक्षा को कैसे समाहित करें विषय पर अपनी प्रस्तुति दी। प्रशिक्षण का केंद्र बिंदु प्रत्येक विद्यार्थी को किसी ने किसी कौशल में दक्ष करना रहा।




प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन डाइट प्राचार्य जगदीश घृतलहरे के आतिथ्य मे सम्पन्न हुआ। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों से आह्वान किया कि इस चार दिवसीय कार्यशाला मे आपने जो समझ विकसित की,जो जानकारी प्राप्त हुई उन्हें विद्यालय के बच्चों तक संप्रेषित अवश्य करें। व्याख्याता अनिल सोनी ने कहा इस कार्यशाला का सही लाभ उन बच्चों को होगा जिन्हें आपके द्वारा प्रेरित किया जाएगा एवं कैरियर निर्माण मे उनके लिए मील का पत्थर साबित होगा। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम प्रभारी यमुना जांगड़े ने किया।

**ये रहे उपस्थित-** समापन समारोह मे मास्टर ट्रेनर शालिनी दुबे,ज्योति श्रीवास्तव सहित संस्थान के प्रकोष्ठ प्रभारी उषा किरण पांडेय,व्याख्याता जी एल खुटियारे,थलज साहू,राजकुमार वर्मा,कीर्ति घृतलहरे एवं अमरेंद्र भारती उपस्थित थे।

## बालोद शहर हुआ भगवामय







हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिला मुख्यालय इन दिनों भगवा रंग में रंगा हुआ है। सुबह से देर शाम तक जगह- जगह भगवा ध्वज और भगवान राम के जयकारे लिखे हुए ध्वज की बिक्री हो रही है। शाम होते ही भगवा रंग की लाइटिंग के साथ शहर जगमग हो जाता है। 22 जनवरी को अयोध्या मंदिर में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा और भव्य पूजा अर्चना कार्यक्रम को लेकर सनातनियों में काफी उत्साह नजर आ रहा है। यही वजह है कि देश के सबसे बड़े त्यौहार दीपावली पर्व मनाने जिस तरह से लोगों में उत्साह रहता है, उससे कहीं ज्यादा आगामी 22 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम को लेकर लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा है। शहर के गंजपारा से लेकर सदर रोड और बुधवारी बाजार से लेकर मधु चौक सहित शहर के अन्य क्षेत्रें में शाम होते ही एक ही रंग भगवा रंग की लाइट से शहर रौशन हो रहा है।







